PPMN

सहयोग आपका प्रयास हमारा

# परिष्कार पत्रिका

प्रगति की ओर

बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ

जयपुर सहित, किशनगढ़, अजमेर, नसीराबाद, ब्यावर, जोधपुर, बानसूर, अलवर, कोटपूतली, बहरोड़, श्रीगंगानगर, हनुमानगढ़, कानोता, बस्सी, नीम का थाना, रींगस, सीकर, कोटा, शिवदासपुरा, भीलवाड़ा, अहमदाबाद, बीकानेर, दिल्ली, पंजाब, हरियाणा, मध्यप्रदेश में प्रसारित

पोस्टल रजि. Jaipur City/ 240/ 2021-23 पाक्षिक (हिन्दी राष्ट्रीय) मूल्य 2 रूपए

विशेषांक

E-Mail : parishkarpatrika@gmail.com

वर्ष - 21 | अंक 13 | जयपुर : 8 फरवरी 2023 से 22 फरवरी 2023 | RNI No : RJHIN/2002/9810 | वार्षिक सदस्यता 251 रूपए

**जरूरी सूचना**

यदि आपके पास परिष्कार पत्रिका डाक से आता है और हर माह की 10 व 25 तारीख को पाबंदी से नहीं आ रहा है, तो अपने पोस्टमास्टर या डाकिए से हमारी बात कराएं या सूचित करें। इसका निश्चित रूप से समाधान निकलेगा।

सम्पर्क करें 9314407796

**जयपुर विकास प्राधिकरण का प्रशासन शहरों के संग अभियान**

## श्याम कॉलोनी बी योजना के आयोजित शिविर में मौके पर ही बांटे पट्टे



परिष्कार पत्रिका जयपुर। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत एवं नगरीय विकास, स्वायत्त शासन एवं आवासन मंत्री शांति धारीवाल की मंशानुरूप प्रशासन शहरों के संग अभियान के अंतर्गत अधिक से अधिक पट्टे जारी करने के लिए जयपुर विकास प्राधिकरण पूर्ण रूप से प्रतिबद्ध है।

जयपुर विकास आयुक्त रवि जैन के निर्देशन में जोन उपायुक्त मानसिंह मीना द्वारा जवाहर सर्किल पर जवाहरपुरी गृह, नि.स.स. की श्याम कालोनी.बी योजना का शिविर आयोजित कर मौके पर ही 25 पट्टे वितरीत किये गये। जोन उपायुक्त ने बताया कि योजना में कुल 92 भूखण्ड है, जिनमें से 72 भूखण्डधारियों द्वारा पट्टे हेतु आवेदन किया गया, जिनमें से 25 पट्टे वितरित किये जा चुके है एवं शेष हेतु कार्यवाही प्रक्रियाधीन है। योजना के भूखण्डधारियों द्वारा योजना के पट्टे मिलने पर खुशी जाहिर करते हुए मुख्यमंत्री, नगरीय विकास मंत्री, जेडीसी, जोन उपायुक्त एवं जेडीए टीम को धन्यवाद दिया गया।

जयपुर विकास आयुक्त रवि जैन ने बताया कि मुख्यमंत्री महोदय एवं माननीय नगरीय विकास मंत्री नेतृत्व में जयपुर विकास प्राधिकरण द्वारा प्रशासन शहरों के संग अभियान के अंतर्गत अधिक से अधिक पट्टे जारी करने के लिए नियमित रूप से शिविर आयोजित कर आमजन को ज्यादा से ज्यादा पट्टे जारी किये जा रहे है। जेडीए द्वारा अब तक 85 हजार पट्टे जारी किये जा चुके है।

# मुख्यमंत्री चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा योजना लोगों के लिए वरदान साबित हो रही हैः चिकित्सा मंत्री

## सिरोही जिले के शिवगंज में जिला अस्पताल का शिलान्यास

परिष्कार पत्रिका जयपुर। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री परसादी लाल मीना ने कहा कि सिरोही जिले के शिवगंज में पचास करोड़ रूपए की लागत से बनने वाला जिला चिकित्सालय उपखंड ही नहीं बल्कि आसपास के जिलों में निवास करने वाले लोगों के लिए चिकित्सा के लिहाज से मील का पत्थर साबित होगा। मीना विधायक संयम लोढ़ा के साथ सिरोही जिले के शिवगंज में कृषि मंडी परिसर में निर्मित होने वाले जिला अस्पताल भवन की आधारशिला रखने के बाद आयोजित समारोह को संबोधित कर रहे थे। चिकित्सा मंत्री ने कहा कि सिरोही मुख्यालय पर ही नहीं बल्कि शिवगंज और मेडिकल कॉलेज में भी अब जिला चिकित्सालय बनने से लोगों को हर तरह का उपचार मिल सकेगा। मीना ने कहा कि राज्य सरकार ने पिछले चार साल के दौरान विकास के जो कार्य किए हैं, वे बेमिसाल है। कोविड संकट के समय राज्य के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत की ओर से लोगों की जान बचाने के लिए किए गए प्रबंधन की स्वयं प्रधानमंत्री ने सराहना की तथा राज्य के भीलवाडा मॉडल को पूरे देश ने अपनाया। मीना ने कहा कि राज्य सरकार की ओर से लागू की गई चिरंजीवी योजना लोगों के लिए वरदान साबित हो रही है। किडनी, लीवर, कैंसर जैसी गंभीर बीमारियों का उपचार इस योजना के माध्यम से मुफ्त में हो रहा है। इस प्रकार का उदाहरण पूरे देश में कहीं देखने को नहीं मिलता। चिकित्सा मंत्री ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा इसी विधानसभा सत्र में राइट टू हैल्थ बिल भी प्रस्तावित है। उन्होंने कहा कि सरकार ने लाखों किसानों के बिजली बिल शुन्य कर दिए, घरों में उपलब्ध होने वाली बिजली के बिलों में 50 युनिट बिजली मुफ्त की गई है। इसके



अलावा अब 1 अप्रैल से राज्य के 1 करोड़ 33 लाख परिवारों को 500 रूपए में गैस सिलेंडर उपलब्ध करवाएं जाएंगे। इस मौके पर मंत्री मीना ने शिवगंज तहसील में बुढेरी, नवाखेड़ा, लोटीवाडा छोटा में उपस्वास्थ्य केन्द्र खुलवाने तथा इसके लिए भवन निर्माण की घोषणा की। समारोह को संबोधित करते हुए विधायक संयम लोढ़ा ने शिवगंज के अस्पताल को जिला चिकित्सालय बनाने के लिए मुख्यमंत्री का आभार प्रकट करते हुए कहा कि राज्य सरकार ने सिरोही जिले में स्वास्थ्य, शिक्षा, बिजली, सड़क सहित सभी क्षेत्रों में अनेक विकास कार्य करवाये हैं। इस अवसर पर स्थानीय जनप्रतिनिधि, जिला प्रशासन के अधिकारी और बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित थे।

**आवासन आयुक्त ने ली अहम बैठक, अंतिम तैयारियों की समीक्षा की**

## प्रदेशभर में 4300 से ज्यादा फ्लैट और स्वतंत्र आवासों के लिए जल्द होगी योजनाएं लॉन्च



परिष्कार पत्रिका जयपुर। आवासन मंडल द्वारा बने फ्लैट, विला और अन्य संपत्ति खरीदने का इंतजार कर रहे लोगों के लिए सुखद खबर है कि मंडल द्वारा प्रदेश भर में 4300 से ज्यादा बहुमंजिला फ्लैट्स और स्वतंत्र आवासों के लिए नई योजनाएं लाई जा रही हैं। जल्द ही स्वायत्त शासन मंत्री शांति धारीवाल योजनाओं को लॉन्च करेंगे। मंडल मुख्यालय आवास भवन के बोर्ड रूम में आवासन आयुक्त पवन अरोड़ा की अध्यक्षता में हुई अहम बैठक में प्रदेश के शहरों में पुरानी योजनाओं में बचे आवासीय भवनों व नई योजनाओं के रेरा में पंजीकरण, योजनाओं की लागत और उपभोक्ताओं के लिए तय दर तथा लॉन्चिंग से जुड़ी सम्पूर्ण प्रगति की समीक्षा की गई।

आयुक्त अरोड़ा ने बताया कि जयपुर के प्रताप नगर सेक्टर 22-23 और 26 में कुल 1332, चूरु में 10, किशनगढ़ के खोड़ा में 57, धौलपुर में 45, बूंदी के लाखेरी में 317, टोंक के निवाई में 77, जोधपुर के बड़ली में 1090, चौपासनी में 72, हनुमानगढ़ में 504, आबूरोड में 189, भिंडर में 22, सलूंबर में 16, भीलवाड़ा के पटेल नगर 38, शाहपुरा में 46, चित्तौड़गढ़ के निंबाहेडा में 71, बड़ी सादड़ी में 74, बांसवाड़ा परतापुर में 80, दुर्गापुर में 63 और उदयपुर के हिरण मगरी में 24 एचआईजी, एमआईजी, एलआईजी और ईडब्ल्यूएस श्रेणी के आवासों के लिए योजना लॉन्च की जाएगी।

आयुक्त ने बताया कि नई लॉन्चिंग के लिए सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई है कुछ शेष बचे कामों के साथ जल्द ही आवासीय योजनाएं लांच कर दी जाएंगी। उन्होंने बताया कि मंडल द्वारा अब तक कुल 78 योजनाओं को रेरा में पंजीकृत कर दिया गया है। उन्होंने अधिकारियों को आगामी 24 फरवरी तक 100 योजनाओं को पंजीकृत करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि रेरा में 100 का आंकड़ा छूते ही मंडल देशभर में सर्वाधिक रेरा पंजीकृत संस्था बन जाएगी।

## खुशहाल और समृद्ध राजस्थान में प्रवासी राजस्थानियों का स्वागत

परिष्कार पत्रिका जयपुर। प्रवासी राजस्थानी बंधुओं को राजस्थान में उद्योग लगाने और व्यापार करने का आह्वान करते हुए राजस्थान मेला प्राधिकरण के उपाध्यक्ष एवं राज्यमंत्री रमेश बोराणा ने कहा कि राजस्थान अब पहले जैसा पिछड़ा राज्य नहीं है अपितु खुशहाल और समृद्ध राजस्थान के रूप में देश दुनिया में अपनी पहचान बना रहा है बोराणा बेंगलोर में आयोजित प्रवासी घाँची समाज के नव निर्मित भवन एवं प्रतिमा प्राण प्रतिष्ठान समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में 36 क़ौम के प्रवासी राजस्थानियों को संबोधित कर रहे थे। बोराणा ने कहा कि मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के कुशल नेतृत्व में राजस्थान आज देश के अग्रणी राज्यों में अपना प्रमुख स्थान बना चुका है, जहां बिजली, पानी, सड़कें, यातायात और अन्य आधारभूत सुविधाओं की मज़बूत आधारशिला रखी गई है जो उद्योग और व्यापार करने के लिए अनुकूल है। उन्होंने प्रदेश की सरल और लाइसेंस रहित उद्योग नीति का उल्लेख करते हुए कहा कि राज्य सरकार ज़मीन सहित अन्य सुविधायें देने को तत्पर है। पर्यटन को भी उद्योग का दर्जा देने वाला राजस्थान देश का सिरमौर राज्य बन गया है।

## संत जहां भी जाते हैं मगल भावों का प्रसार करते हैं : मुनिश्री विजय कुमार

**मंगलभावना व अभिनन्दन समारोह का आयोजन**

परिषर पत्रिका लाडनूं। मुनिश्री विजय कुमार ने कहा है कि संत अकिंचन होते हैं। उनके पास मंगलभावना ही होती है। वे जहां भी जाते हैं, मंगल भावों का ही प्रसार करते हैं। उन्होंने यहां जैन विश्व भारती स्थित वृद्ध साधु सेवा केन्द्र में एक साल तक प्रवास करके सेवाएं देने के उपरांत यहां से छापर विहार करने से पूर्व आयोजित मंगलभावना समारोह को सम्बोधित कर रहे थे। जैन विश्व भारती स्थित महाश्रमण विहार भवन में आयोजित इस समारोह में जहां मुनिश्री विजय कुमार के प्रति मंगलभावना व्यक्त की गई, वहीं मुनिश्री अभिजीत कुमार के मुम्बई से पदयात्रा करते हुए लाडनूं में मंगलप्रवेश करने एवं वृद्ध साधु सेवा केन्द्र का प्रभार सम्भालने के लिए उनका अभिनन्दन समारोह भी संयुक्त रूप से किया गया।

कार्यक्रम में मुनिश्री रणजीत कुमार ने भी अपने भाव व्यक्त किए। कार्यक्रम में मुनिश्री कौशल कुमार ने गीत प्रस्तुत किया और मुनिश्री श्रेय कुमार ने भी अपने भाव अभिव्यक्त किए।

## हैरिटेज निगम के सतर्कता दस्ते ने अस्थायी अक्रिमणों को हटाया



परिष्कार पत्रिका जयपुर। नगर निगम जयपुर हैरिटेज की सतर्कता शाखा के अस्थायी अतिक्रमण दस्ते ने अनेक स्थानों से अस्थायी अतिक्रमणों को हटाने की कार्यवाही कर 4 ट्रक सामान जब्त किया।उपायुक्त सतर्कता नीलकमल मीणा ने बताया कि अस्थायी अतिक्रमण दस्ते ने मय पुलिस जाप्ते के बड़ी चौपड़ से रामगंज चौपड़, रामगंज चौपड़ से सूरजपोल गेट, गलता गेट से रामगंज चौपड़, रामगंज चौपड़ से धाटगेट चौराहा व सांगानेरी गेट से जौहरी बाजार से बड़ी चौपड़ तक सड़कों व फुटपाथों से अस्थायी अतिक्रमण हटाये। कार्यवाही के दौरान के दस्ते ने अस्थायी थड़ी ठेलों व अन्य सामान सहित लगभग 4 ट्रक सामान जब्त कर जनता मार्केट स्थित निगम के गौदाम में जमा करवाया। मीणा ने बताया कि निगम के सतर्कता दस्ते की गाड़ी प्रतिदिन माईक द्वारा मुनियादी कर रही है कि दुकानदार बरामदों, फुटपाथों व सड़कों पर कोई सामान नहीं रखें।

## उत्तर मैट्रिक छात्रवृत्ति के लिए अब 28 फरवरी तक किए जा सकेंगे आवेदन

परिष्कार पत्रिका जयपुर। राज्य सरकार के आदेश जारी कर उत्तर मैट्रिक छात्रवृत्ति के लिए विद्यार्थियों एवं शिक्षण संस्थाओं द्वारा ऑनलाइन आवेदन पत्र भरे जाने एवं नवीन पंजीकरण करवाने की पूर्व निर्धारित अंतिम तिथि में संशोधन करते हुए 28 फरवरी तक बढ़ाया है। आदेश के अनुसार उत्तर मैट्रिक छात्रवृत्ति के लिए विद्यार्थियों द्वारा ऑनलाइन आवेदन पत्र भरने एवं शिक्षण संस्थाओं द्वारा नवीन पंजीकरण करने एवं पूर्व में किए पंजीकरण की मान्यता अद्यतन करने की पूर्व निर्धारित अंतिम तिथि को 31 जनवरी से बढ़ाकर 28 फरवरी कर दिया गया है। शैक्षणिक सत्र 2022-23 में पढ़ रहे राजस्थान के मूल निवासी जो अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग, आर्थिक पिछड़ा वर्ग, अति पिछड़ा वर्ग, विमुक्त, घुमंतू एवं अर्धघुमन्तू, मुख्यमंत्री सर्वजन उच्च शिक्षा उत्तर मैट्रिक छात्रवृत्ति योजनाओं में राज्य की राजकीय व निजी मान्यता प्राप्त शिक्षण संस्थाओं एवं राज्य के बाहर की राजकीय, राष्ट्रीय स्तर की शिक्षण संस्थाओं के पाठ्यक्रमों में प्रवेशित व अध्ययनरत शिक्षण संस्थाओं के विद्यार्थी हैं, उनके द्वारा विभाग की अधिकृत वेबसाईट अथवा एसएसओ पोर्टल पर जाकर ऑनलाइन पंजीकरण कर सकते हैं। छात्रवृत्ति से संबंधित विस्तृत जानकारी विभागीय जिला कार्यालय में व्यक्तिशः एवं विभागीय वेबसाईट पर प्राप्त की जा सकती है।

**रींगस में धानका आदिवासी समाज का स्नेह मिल और प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित किया**

# सभी वक्ताओं ने प्रतिभाओं को आगे लाने और प्रोत्साहित करने का संकल्प लिया





परिष्कार पत्रिका रींगस। धानका आदिवासी समाज रींगस के तत्वावधान में कस्बे के भैरूजी मोड़ पर स्थित निजी होटल में धानका समाज का वार्षिक स्नेह मिलन और प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि जिला एवं सत्र न्यायाधीश कुमकुम और विशिष्ट अतिथि परशुराम धानका आरएएस, हेमलता किरार प्रदेशाध्यक्ष राजस्थान धानका महासभा एवं प्रधान सम्पादक परिष्कार पत्रिका, नंदकिशोर खरोड़ जिला अध्यक्ष संगरिया हनुमानगढ़, उत्तम कुमार वर्मा, गजानंदद मावर और शेखावाटी धानका समाज के अध्यक्ष थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता सेवानिवृत्त अतिरिक्त कलेक्टर पीसी मावर ने की। कार्यक्रम का शुभारंभ सभी अतिथियों ने डॉ भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया। मुख्य अतिथि कुमकुम ने बताया कि समाज की हर प्रतिभाओं को तराशकर आगे लाना चाहिए। प्रतिभाओं के आगे बढ़ने से समाज का नाम होगा और देश के विकास में भागीदारी साबित होगी। कार्यक्रम में सभी वक्ताओं ने अपने उद्बोधन के माध्यम से युवाओं में जोश का संचार किया और उन्हें प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए पदाधिकारी सत्यनारायण मौर्य ने बताया कि जयपुर से पहुंचे सभी अतिथियों का साफा पहनाकर और माला पहनाकर और महिला अतिथियों का शॉल ओढ़ाकर और माला पहनाकर अभिनंदन किया। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में सबसे पहले हाल ही में राजस्थान न्यायिक सेवा में चयनित हुए आरजेएस विनोद कुमार खर्रा का साफा और माला पहनाकर और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इसके बाद श्रीमाधोपुर विधानसभा क्षेत्र में कक्षा 10वी और 12वीं में 75 प्रतिशत से अधिक अंक लाने वाली 31 प्रतिभाओं, राज्य स्तर, जिला स्तर पर विजेता 14 खिलाड़ियों, सरकारी सेवा में चयनित समाज के प्रतिष्ठित 25 युवक-युवतियों सहित समाज की अन्य प्रतिभाओं को प्रशस्त पत्र व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। समाज के प्रबुद्धजन प्रेमचंद मावर और सत्यनारायण मौर्य ने बताया कि समाज की ओर से दो बीघा जमीन खरीद कर भवन बनवाने और खेल मैदान बनाने के लिए प्रस्ताव लिया गया है। साथ ही शिक्षा, खेल, राजनीति आदि क्षेत्र में समाज की प्रतिभाओं को तराशकर लाने का संकल्प लिया। उन्होंने बताया कि प्रतिभाओं की मदद के लिए समाज के हर नागरिक को आगे आकर सहयोग करना होगा, तभी समाज की प्रतिभाओं में आसानी से निखार आ सकता है। इस अवसर पर गजानंद मावर, पार्षद, राधेश्यमा मावर, प्रेमचंद मावर, जगदीश फरण्ड, गणेश राम कैरो, हरीश कैरो, हरीश डाबला, कालूराम निर्माण, रवि धानका, गिरवर मावर, सुरेश डाबी सहित सभी पदाधिकारियों ने कार्यक्रम को सफल करने में महत्त्वपूर्ण सहयोग किया। कार्यक्रम के अंत में सत्यनारायण मौर्य ने सभी अतिथियों, अभिभावकों, कार्यकर्ताओं, सहयोगियों का हार्दिक आभार प्रकट करते हुए पहले कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए शुभकामनाएं दी।

## परिष्कार पत्रिका परिवार ने सफल आयोजन के लिए आयोजनकर्ताओं को किया सम्मानित





परिष्कार पत्रिका रींगस। परिष्कार पत्रिका की ओर से रविसिंह किरार और हेमलता किरार ने धानका आदिवासी समाज रींगस के प्रथम कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए समिति के सभी पदाधिकारियों का परिष्कार पत्रिका का उपर्णा, माला पहनाकर और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर रविसिंह सिंह किरार ने बताया कि रींगस के सभी गणमान्य नागरिकों की एकजुटता और सामाजिक सोच के कारण शानदार कार्यक्रम का आयोजन हुआ जिसमें सभी प्रतिभाओं का मान-सम्मान होने के साथ समाज की प्रतिष्ठा में इजाफा हुआ। उन्होंने सत्यनारायण मौर्य और उनकी पूरी टीम से सभी सदस्यों को इसके लिए परिष्कार पत्रिका की ओर से बधाई और शुभकामनाएं दी। उन्होंने बताया कि हमारा मुख्य ध्येय यही है की समाज में परस्पर संवाद स्थापित हो। अगर संवाद होगा तो कई सारी समस्याओं का निदान तो वैसे ही हो जाएगा और समाज विकास पथ पर आगे बढ़ेगा।

## फूड कियोस्कों पर आरएमए लाईसेंस नहीं होने व गंदगी पाये जाने पर किया चालन

परिष्कार पत्रिका जयपुर। नगर निगम ग्रेटर लाईसेंस समिति चेयरमैन रमेश सैनी व मुख्य स्वास्थ्य अधिकारी डॉ रश्मि कांकरिया ने टीम के साथ जगतपुरा स्थित महल रोड़ पर आर टेक कैपिटल हाईस्ट्रीट मॉल महल रोड़, जगतपुरा में संचालित फूड कियोस्कों का निरीक्षण किया। मुख्य स्वास्थ्य अधिकारी डॉ रश्मि कांकरिया ने बताया कि निरीक्षण के दौरान इन फूड कियोस्कों पर नगर निगम ग्रेटर का आरएमए लाईसेंस नहीं होने व कियोस्कों पर गंदगी पाये जाने पर 8 हजार 500 रूपये का कैरिंग चार्ज वसूल किया गया। साथ ही मौके पर ही उनको नोटिस तामील करवाया गया।

### मेडीकल हैल्थ चैकअप कैम्प 12 फरवरी को

परिष्कार पत्रिका जयपुर। कैथलीनों आई फाउंडेशन और सीके बिडला हॉस्पिटल के संयुक्त तत्वावधान में निःशुल्क मेडीकल हैल्थ चैकअप कैम्प का आयोजन किया जाएगा। केथलीनो आई फाउंडेशन के अध्यक्ष माईकल कैथलीनों ने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रतापसिंह खाचरियावास होंगे। उन्होंने बताया कि कैम्प में आखों की जांच, दांतों की जांच और स्वास्थ्य की निःशुल्क की जाएगी। कैम्प प्रातः 10 बजे से 2 बजे तक आयोजित किया जाएगा।

### सहायक आचार्य के साक्षात्कार 16 फरवरी को

परिष्कार पत्रिका अजमेर। राजस्थान लोक सेवा आयोग द्वारा अजमेर में 16 फरवरी 2023 को सहायक आचार्य होम साइंस क्लॉथिंग टैक्सटाइल के पदों हेतु साक्षात्कार का आयोजन किया जाएगा। आयोग सचिव एचएल अटल ने कहा कि अभ्यर्थियों के साक्षात्कार-पत्र आयोग की वेबसाइट पर यथासमय अपलोड कर दिए जाएंगे। साक्षात्कार में सम्मिलित होने वाले सभी अभ्यर्थी अपने समस्त मूल-प्रमाण पत्र मय फोटो प्रति अवश्य साथ लाएं। इनके अभाव में अभ्यर्थियों को साक्षात्कार से वंचित कर दिया जाएगा।

**प्रकाशन के लिए अपने संदेश भेजें या मेल करें -**

**संपादक, परिष्कार पत्रिका,**
रजि. कार्यालय : प्लाट नं. 89, संतोषनगर, अजमेर रोड, जयपुर-6
ब्रांच ऑफिस : शॉप नं 2, प्लाट नं 36 भैरव नगर, ईएसआई के पास, हटवाड़ा रोड़, जयपुर-06
मो : 9314407796, 9351311820

# डॉ भीमराव अम्बेडकर राज्य स्तरीय पुरस्कार 2023 के लिए आवेदन आमंत्रित

## 28 फरवरी तक किए जा सकेंगे आवेदन

**सामाजिक सेवा, महिला कल्याण एवं न्याय के क्षेत्र में किया जाएगा पुरस्कृत**

परिष्कार पत्रिका जयपुर। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग द्वारा भारत रत्न बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर राज्य स्तरीय पुरस्कार 2023 के लिए आवेदन आमंत्रित किए गये हैं। पुरस्कारों के लिए प्रस्ताव मय जिला कलेक्टर अथवा जिला एवं सेशन न्यायाधीश की अभिशंषा पर आमंत्रित किए गये हैं। आवेदन 28 फरवरी तक किए जा सकेंगे। राज्य स्तरीय अंबेडकर सामाजिक सेवा पुरस्कार-2023 के तहत एक लाख रुपये की राशि एवं प्रशस्ति पत्र, राज्य स्तरीय अंबेडकर महिला कल्याण पुरस्कार-2023 एवं राज्य स्तरीय अंबेडकर न्याय पुरस्कार-2023 के तहत 51 हजार रुपये की राशि एवं प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया जाएगा।

**28 फरवरी तक किए जा सकेंगे आवेदन :** आयुक्त एवं विशिष्ट शासन सचिव अनुप्रेरणा सिंह कुंतल ने बताया कि आवेदन पत्र निदेशालय, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग में निर्धारित प्रपत्र में डाक अथवा व्यक्तिशः 28 फरवरी तक जमा करवाए जा सकेंगे। निर्धारित तिथि के पश्चात प्राप्त आवेदन-पत्र स्वीकार नहीं किए जाएंगे। आवेदन पत्र विभाग की वेबसाइट एवं संबंधित जिले के जिलाधिकारी के कार्यालय से प्राप्त किए जा सकते हैं। आवेदन प्रक्रिया की अधिक जानकारी 0141-2220194 पर संपर्क कर प्राप्त की जा सकती है।

**पुरस्कार की पात्रता :** विशिष्ट शासन सचिव ने बताया कि पुरस्कार के लिए आवेदनकर्ता को राजस्थान का मूल निवासी होना अनिवार्य है। आवेदनकर्ता को जिला कलेक्टर तथा जिला सेशन न्यायाधीश से उत्तम चरित्र एवं प्रतिष्ठा का प्रमाण पत्र लेना अनिवार्य होगा। सामाजिक सेवा के क्षेत्र में भारत सरकार अथवा राज्य सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ लक्षित वर्ग तक पहुँचाने में जिन्होंने उल्लेखनीय योगदान दिया हो, महिला उत्थान के क्षेत्रों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई हो तथा वे अधिवक्ता जिन्होंने कम से कम 10 वर्ष से वकालत के लिए पंजीकृत होकर अनुसूचित जाति अथवा जनजाति के लोगों के न्यायिक प्रकरणों में निःशुल्क पैरवी करने एवं अधिनियमों में संशोधन करने में महत्वपूर्ण काम किया हो, पुरस्कार के लिए आवेदन करने के पात्र होंगे।

### राज्यपाल जोधपुर के दो दिवसीय प्रवास पर

परिष्कार पत्रिका जयपुर। राज्यपाल कलराज मिश्र गुरुवार से जोधपुर के दो दिवसीय प्रवास पर रहेंगे। राज्यपाल मिश्र गुरुवार को जय नारायण व्यास विश्वविद्यालय, जोधपुर के 19 वें दीक्षान्त समारोह में सम्मिलित होंगे। शुक्रवार को वे नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ फैशन टैक्नॉलाजी के दीक्षान्त समारोह में सम्मिलित होने के बाद शाम को जयपुर के लिए प्रस्थान करेंगे।

**A.S. MEMORIAL Sec. School**

58, Shanti Nagar, N.B.C. Road Jaipur 6
Mob. 9549036888

Day Boarding

English Medium



Ankit Singh
Director

**Your Childs Journey to a Great Future begins here :**

Experience Teaching Staff, Spoken English Classes, Personality Development, Memory Tips, Study By Porjectors, Sparate Furniture for every Student, On every Saturday there are Activities, Classes of Yoga, Games of Spelling, Meaning and Interaction with all the Student in English Language, Hygienic and Friendly Environment for Students and Personal Attention is given, Big and Airy Classrooms, Conveyance Facility for every Area.

## सम्पादकीय

हमें अपने आप पर, अपने परिवार, अपने समाज पर अपने देश पर विश्वास होगा तो निश्चित रूप से हमें सच को छुपाने की आवश्यकता नहीं होगी। हमे अपनी जाति पर विश्वास होगा तभी प्रगति होगी। जब समाज या अपनी जाति पर विश्वास ही नहीं है तो अपनी ही प्रगति नहीं हो सकती तो समाज का विकास कहां से होगा। विश्वास ही जीवन का आधार है। विश्वास के अभाव में जीवन, मूल विहीन वृक्ष की तरह है। जीवन के हर क्षेत्र में विश्वास आवश्यक है। हम हॉस्पीटल जाते हैं और चुपचाप बैड पर लेट जाते हैं। हमें दिख रहा है कि डाक्टर के हाथों में चाकू, कैंची आदि है फिर भी हमारा उसके प्रति विश्वास ही है कि ऑप्रेशन अन्य शल्य चिकित्सा के लिए हम बिना घबराहट लेटे रहते हैं। अपने में विश्वास हो, अपनों में विश्वास हो और प्रभु में विश्वास हो तो समझ जाना आपका जीवन एक आदर्श बनने वाला है। जब आपना जीवन आदर्श बन जाएगा तो समाज के विकास को कोई नहीं रोक सकता। समाज का प्रतिनिधित्व करते लोग या बुद्धिजिवी लोग जब यह कहते है कि समाज में क्या रखा है अपना मतलब सार्थक होना चाहिए तो विकास की बात कहा हो पाएगी। विश्वास में अद्भुत सामर्थ्य है। कहते हैं कि विश्वास से तो ईश्वर भी प्राप्त हो जाते हैं फिर भला अपनों का प्यार क्यों प्राप्त नहीं होगा। ये अपने परिवारजन, रिश्तेदार और समाजवासी, देशवासी है। विवेकानंद से किसी ने पूछा कि वो क्या है सब कुछ चले जाने के बाद जिसके भरोसे पुनः सब कुछ पाया जा सकता है तब उन्होंने कहा विश्वास। स्वयं पर विश्वास, अपने कर्म पर विश्वास और परमात्मा पर विश्वास रखने से सब कुछ पुनः प्राप्त किया जा सकता है। विश्वास के साथ जुड़ा है अनुभव। हमारे जीवन में अनुभव का महत्वपूर्ण स्थान है, हमारा अनुभव हमारे साथ-साथ हमारे परिचित, क्षेत्र और समाज की सभी कठिन परिस्थितियों में सही व महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हुए उनसे बाहर निकालता है। अनुभव ही हमें हर समस्या, मित्र, साथी और दुश्मन की वास्तविक ताकत, बुद्धि और उसकी गंभीरता का अहसास कराता है। अनुभव हमें परिस्थितियों अनुसार हमारा धर्य, साहस और विवेक के इस्तेमाल के लिए तैयार करता है। हमें सम्पत्ती, साधन और पद कभी-कभी विरासत में मिल जाते, लेकिन अनुभव हमें कार्य करने, संघर्ष करने और हर प्रकार की उलझन व परिस्थितियों से जूझने से प्राप्त होता है, हम जितना अधिक संघर्ष करते है हमारा अनुभव उतना ही अधिक बढता है। इसलिए अपने अनुभवों पर विश्वास रखें। अपने आप पर विश्वास रखें। जय हिन्द। जय भारत।।

## डिप्टी मैनेजर विकास माहुर और आर्किटैक्ट सुनील माहुर परिष्कार के कार्यालय पहुंचें



परिष्कार पत्रिका जयपुर। एसबीआई के डिप्टी मैनेजर विकास माहुर और आर्किटेक्टन सुनील माहुर ने परिष्कार पत्रिका के कार्यालय पहुंचकर विभिन्न गतिविधियों की जानकारी ली। उन्होंने परिष्कार पत्रिका की सामाजिक सरोकारों से जुड़ी गतिविधियों के लिए साधूवाद देते हुए परिष्कार पत्रिका को समाज के लिए मील का पत्थर बताया। उन्होंने इसके लिए प्रधान सम्पादक हेमलता किरार और सम्पादक रविसिंह किरार को परिष्कार पत्रिका के नियमित प्रकाशन और सामाजिक क्रिया-कलापों के लिए शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर प्रधान सम्पादक हेमलता किरार ने परिष्कार पत्रिका परिवार की ओर से दोनों का उर्पणा पहनाकर और स्मृति चिन्ह देकर सम्मान किया और हार्दिक बधाई दी।

## 14वीं एयू जयपुर मैराथन में दिया स्वच्छता, स्वास्थ्य व पर्यावरण जागरूकता का संदेश



परिष्कार पत्रिका जयपुर। मानवता व परोपकार के लिए समर्पित समर्पण संस्था के सदस्यों ने 14वीं एयू जयपुर मैराथन में पर्यावरण, स्वच्छता, स्वास्थ्य व सेवा के सामाजिक जागरूकता संदेशों का प्रदर्शन किया। संस्था के सैकड़ों सदस्यों ने 6 किमी ड्रीम रन में भाग लिया। जिसकी शुरुआत में सभी सदस्यों ने समर्पण प्रार्थना को उच्चारित किया जो कि सभी के आकर्षण का केंद्र रही। इस ड्रीम रन में संस्था के संस्थापक अध्यक्ष आर्किटेक्ट डॉ दौलतराम माल्या के निर्देशन में माइक पर स्वच्छता एपर्यावरण व सामाजिक जागरूकता के नारे लगाते हुए संस्था सदस्य आगे बढ़े। शुरूआत में अभिनेता सोनू सूद ने सभी का अभिवादन किया। सदस्यों के हाथों में संस्था के बैनर के साथ कुल 25 सामाजिक जागरूकता संदेशों की तख्तियां थीं। इन तख्तियों पर बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, बेटी को मत समझो भार, जीवन का है ये आधार, क्लीन सिटी, ग्रीन सिटी। यही है मेरी ड्रीम सिटी, रक्तदान महादान, एक दो एक दो, पेड़ काटना छोड़ दो, पर्यावरण का रखे ध्यान तभी बनेगा देश महान, प्रकृति का न करे हरण, आओ बचाये पर्यावरण, अब हमने यह ठाना हैं, भारत स्वच्छ बनाना है, अगर स्वर्ग मे चाहिए स्थान, तो कीजिए अंगदान आदि स्लोगन फ्लेक्स पर लिखे हुए थे। संस्था टीम में संस्था के मुख्य संरक्षक कमल नयन खण्डेलवाल, मुख्य सलाहकार व पूर्व जिला न्यायाधीश उदय चन्द बारूपाल, आर्किटेक्ट राम प्रसाद लोदिया, एडवोकेट ओमप्रकाश वर्मा, गौरव राज जंडेल अध्यक्ष नेशनल ह्यूमेनिटी, रामअवतार नागरवाल, मोहन मेहरा, डॉ विशाल गौतम, रामलाल रोशन, रामेश्वर प्रसाद, ज्योतिमाल्या सहित सैकड़ों सदस्य शामिल रहे।

# डेरा सच्चा सौदा के सेवादारों के कायल हुए जयपुरराईटस

### राजस्थान के सभी 33 जिला मुख्यालयों व शहरों में चला सफाई अभियान





परिष्कार पत्रिका जयपुर। डेरा सच्चा सौदा राजस्थान के श्रद्धालुओं ने पिंकसिटी जयपुर सहित पूरे प्रदेश के हर गांव, शहर व संभाग को स्वच्छता की अनुपम सौगात देकर कीर्तिमान रच दिया। अवसर था मरु प्रदेश के डेरा अनुयायियों की ओर से करीब 5 साल बाद परम पिता शाह सतनाम जी महाराज का एमएसजी महारहमोकर्म माह का शुभ भंडारा पूज्य गुरु संत डॉ गुरमीत राम रहीम सिंह के साथ सेलिब्रेट करने का। इस खुशी में पूरे प्रदेश में एक साथ चले इस सफाई महाभियान की शुरूआत पूज्य गुरु संत डॉ गुरमीत राम रहीम सिंह इन्सां ने यूपी के शाह सतनाम आश्रम बरनावा से वर्चुअली स्वयं झाड़ू लगाकर और सफाई महाअभियान से संबंधित स्लोगन लिखे गुब्बारे आसमान में छोड़कर किया। जयपुर में विधानसभा के नजदीक स्थित स्टेच्यू सर्किल से बॉलीवुड एक्टर व कोरियोग्राफर विकास सक्सेना, पार्षद उत्तम शर्मा व विद्याधर स्टेडियम समीप सेंट्रल स्पाइन चौराहा से नगर निगम हैरिटेज की मेयर सौम्या गुर्जर, कमिश्नर महेंद्रपाल सोनी, रिटायर्ड जज राम सिंह भंडारी द्वारा झाड़ू लगाकर की गई। इसके पश्चात गुलाबी नगरी के 18 अलग-अलग जोनों में बंटी साध-संगत सफाई कार्य में जुट गई।

सफाई अभियान को लेकर प्रदेश के डेरा श्रद्धालुओं में भारी जोश देखने को मिला और सेवादारों ने देखते ही देखते गांव व शहरों में सफाई करके कूड़े-करकट की ढेरियां बना दी और बाद में स्थानीय प्रशासन के साथ मिलकर उन्हीं कूड़ा-करकट की ढेरियों को ट्रेक्टर-ट्रालियों में डालकर डंपिग प्वाइंटों तक पहुंचाया गया। इसके अलावा बड़े-बड़े गटर, नालियों, सीवरेज में उतरकर व सार्वजनिक तथा सामुदायिक शौचालयों की सफाई कर उन्हें नीट एंड क्लीन किया। सेवादारों को सफाई करते देख हर शहरवासी दंग रह गए और सेवादारों की सेवा भावना के कायल हो गए। शहरवासियों ने साध संगत की सफाई के प्रति जोश, जज्बे को देखकर कहीं उन्हें इंसानियत का मसीहा तो कही भगवान का दूत बताकर उनकी प्रशंसा की। सेवादारों ने सफाई के साथ-साथ लोगों को भविष्य में अपने आस-पास व अपने गांव-शहर व संभाग को साफ-सुथरा रखने के लिए जागरूक करते हुए शपथ पत्र भी भरवाए। सफाई के पश्चात सार्वजनिक स्थानों की मूर्त ही बदली नजर आई।

**लग्जरी कारों में पहुंचे सफाई करने :** सफाई करने के लिए जयपुर सहित अन्य शहरों में पहुंची साध-संगत को लग्जरी बसों, महंगी गाड़ियों में उतरता देख हर शहरवासी हैरान था। क्योंकि इन वाहनों से उतरने वाले हर शख्स के पास अपनी एक झाड़ू जरूर थी। उनकी हैरानी उस समय और बढ़ गई, जब उन्हें पता चला कि शहर की सफाई करने वाले सेवादारों में बहुत से डॉक्टर, इंजीनियरए टीचर शामिल हैं। अपने गुरु पापा को तोहफा देने के लिए छोटे-छोटे बच्चे, बुजुर्ग महिला व पुरुष पूरी तन्मयता के साथ सफाई कार्य में जुटे हुए थे।

**सफाई के औजार साथ लेकर पहुंचे अनुयायी -** साध-संगत सफाई के औजार जैसे झाड़ू-रस्सी, तसला, पल्ली, आरी, कुल्हाड़ी आदि अपने साथ लेकर आई। इतना ही नहीं साध-संगत अपने लिए लंगर-भोजन भी साथ लेकर पहुंची।

**सबके सहयोग से ही बनेगा स्वच्छ भारत - मेयर सौम्या गुर्जर :** सफाई के इस महायज्ञ में जिस तरह से सभी डेरा सच्चा सौदा के सेवादारों ने आहूति डाली है, उसके लिए मैं गुरुजी का धन्यवाद करती हूँ। इस अभियान में जयपुर शहर, गुलाबी नगरी को स्वच्छता की सौगात मिली है। हमारे प्रधानमंत्री भी कहते हैं कि स्वच्छ भारत, सुन्दर भारत ये तभी बनेगा जब सभी सम्प्रदाय, सभी धर्म स्वच्छता को प्राथमिकता देने लगें। सभी सेवादारों को बहुत-बहुत साधुवाद और आपको भी बहुत-बहुत धन्यवाद। सेवादार सफाई महाअभियान के लिए अनुमति के लिए जब नगर निगम में पहुंचे थे तो सिर्फ 15 मिनट के अंदर कमिश्नर साहब ने इसकी अनुमति दी और इसे सफाई का महायज्ञ कहते हुए इसकी सराहना की। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के स्वच्छ भारत अभियान में आपका ये प्रयास मील का पत्थर साबित होगा। जन सहभागिता के माध्यम से आपके सेवादार आमजन को भी स्वच्छता के लिए प्रेरित कर रहे हैं।

**गुरुजी का सफाई महाभियान अदभुत :** गुरुजी आपका विशाल सफाई महाभियान अदभुत है, अविस्मरणीय है और सभी आमजन के लिए अनुकरणीय भी है। गुरुजी आपके सेवादारों का परिवार हमेशा खुशहाल कि जो दूसरों की फैलाई हुई गंदगी को इस शिद्दत के साथ इतनी बड़ी तादाद में साफ कर रहे हैं।

## समर्पण संस्था द्वारा गणतंत्र समारोह एवं लोक संवेदना विचार गोष्ठी का आयोजन

### लोकतंत्र में जनता की संवेदना को समझना बहुत जरूरी है : डी एस चोपड़ा





परिष्कार पत्रिका जयपुर। लोकतंत्र में जनता की संवेदनाओं को समझना बहुत जरूरी है। जनता की संवेदनाओं को नज़र अंदाज़ करने से देश कमजोर होता है। उक्त विचार समर्पण संस्था द्वारा गणतंत्र दिवस पर आयोजित विचार गोष्ठी में मुख्य अतिथि सेवानिवृत्त आईआरएस डी एस चोपड़ा ने व्यक्त किये। उन्होंने कहा कि हमारे लोकतंत्र में संविधान को ही सर्वोच्च माना गया है। लोकतंत्र के तीनों स्तम्भों न्यायपालिका, विधायिका व कार्यपालिका में टकराव नहीं होना चाहिये। साथ ही चौथे स्तंभ कहे जाने वाले मीडिया को जनता की आवाज़ का ध्यान रखना चाहिये। उन्होंने अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि बोलने की स्वतंत्रता में पक्षपात ठीक नहीं है। अभिव्यक्ति में लक्ष्मण रेखा का ध्यान भी जरूरी है। इससे पूर्व संस्था कार्यालय के सामने मुख्य अतिथि डी एस चौपडा ने अन्य अतिथि व पदाधिकारियों के साथ ध्वजारोहण किया। तत्पश्चात विचार गोष्ठी की शुरुआत दीप प्रज्जवलन के साथ समर्पण प्रार्थना से की गई जिसे संस्था के कोषाध्यक्ष रामवतार नागरवाल व आर्किटेक्ट अंजली माल्या ने प्रस्तुत किया। संस्था के संस्थापक अध्यक्ष आर्किटेक्ट डॉ दौलतराम माल्या ने अपने स्वागत भाषण में संस्था के सिद्धांत व कार्यक्रमों की विस्तृत व्याख्या करते हुए अपने विचार व्यक्त किये। मुख्यवक्ता सशस्त्र बल अधिकरण की रजिस्ट्रार आर एच जे एस डॉ चेतना ने कहा कि लोकतंत्र में समस्तजन चाहे शक्तिशाली हो, कमजोर हो, अमीर हो, गरीब हो, महिला हो, पुरूष हो सबकी बात का सम्मान होता है सबको समान महत्व दिया जाता है। लोकतंत्र में लोक संवेदना सर्वोपरी होती है। मुख्य वक्ता राजस्थान जन आधार प्राधिकरण आयोजना विभाग के संयुक्त निदेशक सीताराम स्वरूप ने कहा कि संविधान की शब्दस पालना में अभिव्यक्ति बहुत बड़ा विषय है। अपनी बात को प्रकट किये बग़ैर दुसरे तक पहुँचाना मुश्किल होता है। लोकतंत्र में अभिव्यक्ति का महत्व बहुत बड़ा है। अभिव्यक्ति में संवेदनशीलता का पैमाना भी ज़रूरी है। संवेदना की गहराई भी समय के साथ बदलती रहती है। विशिष्ट अतिथि अनिल कुमार जैन सेवानिवृत्त प्रधान आयकर आयुक्त, आयकर विभाग व आरबी फन्डा सेवानिवृत्त सहायक महाप्रबन्धकए नाबार्डद्ध ने भी अपने विचार व्यक्त किये। इस अवसर पर गायक रमेश कुमार बैरवा ने एक देशभक्ति गीत व कवि रामलाल रोशन ने समर्पण गीत प्रस्तुत किया। लोक कलाकार चिरमी सपेरा ने एक लोकनृत्य प्रस्तुत किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे बीरी सिंह सिनसिनवार ने कहा कि एक दूसरे की भावनाओं को समझने पर परिवार, समाज और देश आगे बढ़ता है। भारत में सबसे ज्यादा अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता है। आज लोग अपने अधिकारों की तो बात करते हैं लेकिन कर्तव्यों की तरफ़ ध्यान नहीं देते हैं। संस्था के मुख्य सलाहकार व पूर्व ज़िला न्यायाधीश उदय चंद बारूपाल ने सभी का धन्यवाद व आभार व्यक्त किया।

## केन्द्रीय बजट ने दलित व आदिवासी समुदाय की आशाओं पर फेरा पानी

परिष्कार पत्रिका जयपुर। बहुत गाजे-बाजे व धूमधाम के साथ वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने 1 फरवरी 2023 को बजट पेश किया और बार-बार अमृत काल का उल्लेख किया जो विकास के एक नए कल और आने वाली महान चीजों को दर्शाता है। पिछले कुछ वर्षों में महंगाई अपने उच्चतम स्तर पर है और बेरोजगारी भी बढ़ी है, हालांकि यह बजट कुछ जन-केंद्रित मुद्दों को संबोधित करने से दूर है। कुल केंद्रीय बजट 2023-24 रुपये है। 49,90,842.73 करोड़ और अनुसूचित जाति के कल्याण के लिए कुल आवंटन रुपये है। 1,59,126.22 करोड़ और अनुसूचित जनजाति के लिए रु 1,19,509.87 करो?। इसमें से लक्षित धन जो सीधे दलितों को जाएगा रुपये है। 30,475 करोड और आदिवासियों को रु 24,384 करोड़। सरकार द्वारा धन का आवंटन वास्तव में दलित और आदिवासी समुदायों की सामाजिक आर्थिक स्थिति को संबोधित करने और वास्तव में समावेशी और न्याय संगत समाज को बढ़ावा देने की अपनी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। दलित अधिकार केन्द्र के निदेशक एडवोकेट सतीश कुमार ने कहा कि दलित संगठन लंबे समय से पोस्ट मैट्रिक स्कॉलरशिप के लिए 10,000 करोड़ की मांग कर रहे हैं, हालांकि कुल आवंटन मांग से कम है, यह देखना उत्साहजनक है कि पीएमएस में वृद्धि हुई है जहां रु अनुसूचित जाति के लिए 6359.14 करोड़ रुपये और अनुसूचित जनजाति के लिए 1970 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं। महिला एवं बाल विकास मंत्रालय के तहतए सक्षम आंगनवाड़ी और मिशन शक्ति नामक छत्र योजनाओं के लिए कुल आवंटन रुपये है। 20,554 करोड़ रुपये, कुल 5038 करोड़ रुपये अनुसूचित जाति की महिलाओं के कल्याण के लिए आवंटित किए गए हैं और अनुसूचित जनजाति की महिलाओं के कल्याण के लिए 2166 करोड रुपये आवंटित किए गए हैं। हालांकि, जब कोई परिणाम बजट में योजनाओं की जांच करता है, तो इनके लिए कोई भौतिक लक्ष्य नहीं होता है और इसलिए यह समुदाय के लिए विशिष्ट नहीं होता है। इन सीमांत समूहों द्वारा सामना किए गए प्रणालीगत अन्याय और असमानताओं को दूर करने के लिए लक्षित लोक कल्याणकारी योजनाओं की अत्यधिक आवश्यकता के बावजूद, ऐसा प्रतीत होता है कि समाज का एक महत्वपूर्ण हिस्सा हमेशा की तरह, अधिकांश योजनाएँ केवल आलंकारिक हैं और समुदायों को कोई ठोस लाभ प्रदान नहीं करती हैं। अमृत कल को अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के विकास का प्रतीक होना चाहिए, लेकिन ऐसा नहीं है। दलित अधिकार केन्द्र के मुख्य कार्यकारी एडवोकेट हेमन्त मीमरौठ ने कहा कि बजट में अधिक जन.केंद्रित कार्य म होने चाहिए थेए इसके विपरीतए अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के लिए बुनियादी ढांचे पर अधिक और विकास योजनाओं पर कम ध्यान दिया गया है। हम संबंधित अधिकारियों से इस स्थिति को सुधारने के लिए तत्काल कार्रवाई करने और यह सुनिश्चित करने का आह्वान करते हैं कि आवंटित धन का उपयोग दलित और आदिवासी समुदायों की बेहतरी के लिए पारदर्शी और जवाबदेह तरीके से किया जाए। इसमें यह सुनिश्चित करने के उपाय शामिल होने चाहिए कि धन विशिष्ट जन कल्याणकारी योजनाओं के कार्यान्वयन के लिए निर्देशित किया जाता है जो इन समुदायों द्वारा सामना की जाने वाली विशिष्ट आवश्यकताओं और चुनौतियों का समाधान करती हैं।




## परिष्कार मैरिज ब्यूरो

### वधु चाहिए

आवश्यकता है 27 वर्षीय एमए पास प्राइवेट बैंक में कार्यरत लड़के के लिए सुंदर, सुशील कन्या की। गोत्रः खटक, डाबला, कायथ। पो.बा. नं. 407, सम्पर्क करें 9314407796

------------

आवश्यकता है 27 वर्षीय बीए एलएल बी पास लड़के के लिए सुंदर, सुशील कन्या की। गोत्रः अटकाण, पचेरवाल, गहलोत। पो.बा. नं. 406, सम्पर्क करें 9314407796

------------

आवश्यकता है 25 वर्षीय 12वीं पास लड़के के लिए सुंदर, सुशील कन्या की। गोत्रः किरार, मोरवाल, डाबला। पो.बा. नं. 395, सम्पर्क करें 9314407796

------------

आवश्यकता है 27 वर्षीय बीकॉम पास लड़के के लिए सुंदर, सुशील कन्या की। गोत्रः निर्वाण, मौर्या, कायथ। पो.बा. नं. 404, सम्पर्क करें 9314407796

------------

आवश्यकता है 30 वर्षीय स्नातक पास लड़के के लिए सुंदर, सुशील कन्या की। गोत्रः सीलण, खर्रा, बमणिया। पो.बा. नं. 402, सम्पर्क करें 9314407796

आवश्यकता है 25 वर्षीय एमए लड़के के लिए सुंदर, सुशील कन्या की। गोत्रः डाबला, किराड़, निर्वाण। पो.बा.509, सम्पर्क करें 9314407796

------------

आवश्यकता है 24 वर्षीय बीए लड़के के लिए सुंदर, सुशील कन्या की। गोत्रः फरण्ड, कायथ, निर्वाण। पो.बा. 507, सम्पर्क करें 9314407796

------------

आवश्यकता है 30 वर्षीय ग्रेजुएट लड़के के लिए सुंदर, सुशील कन्या की। गोत्रः खर्रा, निर्वाण, सोलंकी। पो.बा.506, सम्पर्क करें 9314407796

------------

आवश्यकता है 30 वर्षीय 10वीं पास लड़के के लिए सुंदर, सुशील कन्या की। गोत्रः निर्वाण, मावर, चौरा। पो.बा. 504, सम्पर्क करें 9314407796

------------

आवश्यकता है बीए, एलएलबी मांगलिक लड़के जन्म 1989 के लिए सुंदर, सुशील कन्या की। गोत्रः लौंगवर्षा, कठेरिया। पो.बा. 396, सम्पर्क करें 9598170777, 8177050282, 9314407796

------------

### वर चाहिए

आवश्यकता है 27 वर्षीय, बीए लड़की के लिए नौकरी या स्व रोजगार करने वाले लड़के की। गोत्रः इन्दौरा, कटारिया, लुगरिया। पो.बॉ. 405, सम्पर्क करें 9314407796

------------

आवश्यकता है 27 वर्षीय, बीएससी लड़की के लिए नौकरी या स्व रोजगार करने वाले लड़के की। गोत्रः कायथ, कटारिया, इन्दौरिया। पो.बॉ. बी-24 एफ, सम्पर्क करें 9314407796

------------

आवश्यकता है 24 वर्षीय, बीए, एम ए लड़की के लिए नौकरी या स्व रोजगार करने वाले लड़के की। गोत्रः किराड़, इन्दौरा, देराण। पो.बॉ. 373, सम्पर्क करें 9314407796 ------------

आवश्यकता है 25 वर्षीय, बीए, लड़की के लिए नौकरी या स्व रोजगार करने वाले लड़के की। गोत्रः मावर, डाबला, गहलोत। पो.बॉ. 376, सम्पर्क करें 9314407796

------------

आवश्यकता है 28 वर्षीय, बीए, एम ए लड़की के लिए नौकरी या स्व रोजगार करने वाले लड़के की। गोत्रः किरार, कायथ, तुर्किया पो.बॉ. 356, सम्पर्क करें 9314407796

------------

आवश्यकता है 25 वर्षीय, एमकॉमपास लड़की के लिए नौकरी या स्व रोजगार करने वाले लड़के की। गोत्रः खनगवाल, मोरवाल, तुर्किया, इन्दौरा। पो.बॉ. 510, सम्पर्क करें 9314407796

------------

आवश्यकता है 21 वर्षीय, बीए पास लड़की के लिए नौकरी या स्व रोजगार करने वाले लड़के की। गोत्रः इन्दौरा, कटारिया, लुगरिया। पो.बॉ. 508, सम्पर्क करें 9314407796

------------

आवश्यकता है 25 वर्षीय, बीए पास लड़की के लिए नौकरी या स्व रोजगार करने वाले लड़के की। गोत्रः लुगरिया, मावर, डाबला, अटकाण। पो.बॉ. 398 , सम्पर्क करें 9314407796

------------

आवश्यकता है 32 वर्षीय, बीए लड़की के लिए नौकरी या स्व रोजगार करने वाले लड़के की। गोत्रः किरार, डाबला, सीलन पो.बॉ. बी-1 एफ, सम्पर्क करें 9314407796

------------

आवश्यकता है 23 वर्षीय, बीएससी लड़की के लिए नौकरी या स्व रोजगार करने वाले लड़के की। गोत्रः निर्वाण, बावलिया, खर्रा पो.बॉ. बी-2 एफ, सम्पर्क करें 9314407796


## राष्ट्रीय शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र हसनपुरा जयपुर में मनाया गणतंत्र दिवस





**परिष्कार पत्रिका जयपुर।** राष्ट्रीय शहरी स्वास्थ्य मिशन के अन्तर्गत संचालित शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र हसनपुरा जयपुर में चिकित्सा अधिकारी डॉ. अनीता अग्रवाल, फार्मासिस्ट ब्रजमोहन कुमावत, जीएन एम बद्री प्रसाद, जीएनएम अनीता के सी, एएनएम रेखा शर्मा, सीमा, शीला एवं ईश्वर लाल शर्मा, सुशीला देवी एवं समस्त स्टाफ सहित सभी आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में चिकित्सा अधिकारी ने झण्डारोहण किया और सभी को 74 वें गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं दी और सभी को मिठाई वितरित की गई।

## गणतंत्र दिवस पर अम्बेडकर विद्यालय में प्रिंसिपल ने किया झण्डारोहण






**परिष्कार पत्रिका जयपुर।** 74वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर डॉ अम्बेडकर सीनियर सैकण्डरी विद्यालय में प्रिंसिपल रवि वर्मा, इंचार्ज तारा शर्मा सहित विद्यालय परिवार ने झण्डारोहण किया और गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर विद्यालय में सांसकृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें विद्यार्थियों ने मनमोहक प्रस्तुति से समां बांध दिया। कार्यक्रम में उपस्थित अभिभावकों ने सांस्कृति कार्यक्रम का आनंद लिया। अंत में प्रिंसिपल ने सभी का आभार प्रकट किया।

## सेंट जोंस स्कूल भांकरोटा में निदेशक राजेश वर्मा ने किया झण्डारोहण





**परिष्कार पत्रिका जयपुर।** सेंट जोंस स्कूल भांकरोटा जयपुर में निदेशक राजेश वर्मा ने 74वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर झण्डारोहण कर विद्यालय परिवार के सभी सदस्यों को शुभकामनाएं दी। इस अवसर विद्यार्थियों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम की मनमोहक प्रस्तुति दी। विभिन्न गीतों पर विद्यार्थियों की प्रस्तुति ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम के अंत में निदेशक राजेश वर्मा ने सभी का आभार प्रकट किया।

## हैरिटेज सिटी थड़ी ठेला यूनियन बैनाड़ रोड़ ने 74वां गणतंत्र दिवस मनाया



परिष्कार पत्रिका जयपुर। हैरिटेज सिटी थड़ी ठेला यूनियन बेनाड रोड़ के तत्वावधान में 26 जनवरी को 74वां गणतंत्र दिवस बड़ी धूमधाम से मनाया और ध्वजारोहण किया गया। इस अवसर पर नव निर्वाचित मेम्बर मोनिका कंवर और धर्मेन्द्र कुमार द्वारा ध्वजारोहण किया। ध्वजारोहण पश्चात नवनिर्वाचित सदस्यों एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष बनवारी लाल शर्मा और रेणु शर्मा का यूनियन के सभी सदस्यों द्वारा माला पहनाकर स्वागत किया गया। इस राष्ट्रीय पर्व के मुख्य अतिथि बनवारी लाल शर्मा एवं अध्यक्षता मुकेश कुमार सैनी, मेट्रोसिटी हॉस्पिटल द्वारा की गई। कार्यक्रम के अन्त में चन्द्र प्रकाश सोलंकी महामंत्री हेरिटेज सिटी थड़ी ठेला यूनियन जयपुर ने सभी का धन्यवाद प्रकट करते हुए समरोह का समापन किया गया।

## नवनिर्वाचित टीवीसी सदस्यों का नगर निगम मुख्य भवन पर स्वागत किया



परिष्कार पत्रिका जयपुर जयपुर नगर निगम ग्रेटर के नव निर्वाचित टीवीसी सदस्यों का मुख्य भवन नगर निगम ग्रेटर लाल कोठी पर हैरिटेज सिटी थड़ी ठेला यूनियन जयपुर राजस्थान के यूनियन पदाधिकारियों ने माला पहना कर भव्य स्वागत किया गया। चुनावों में कठिन परिश्रम एवं अथक प्रयासों के लिए चन्द्र प्रकाश सोलंकी महामंत्री हैरिटेज सिटी थड़ी ठेला यूनियन जयपुर राजस्थान का नव निर्वाचित सभी सदस्यों द्वारा मीठाई खिलाकर व माला पहना कर जीत पर खुशी प्रकट की गई।

## पर्यावरण संरक्षण में बेटियों की भागीदारी महत्वपूर्ण : आईएफएस सुधीप कौर



परिष्कार पत्रिका जयपुर। कनोडिया पीजी महिला महाविद्यालय एवं कल्पतरु संस्थान की ओर से अर्धवार्षिक कार्यक्रम सर्टिफिकेट प्रोग्राम इन ग्लोबल एनवायरमेंटल सस्टेनेबिलिटी के तहत सेंट्रल पार्क में बसंतोत्सव का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि भारतीय वन सेवा की वरिष्ठ अधिकारी सुदीप कौर और विशिष्ट अतिथि वरिष्ठ उद्यानविज्ञ केएल शर्मा ने इस अवसर पर प्रतिभागियों का मनोबल बढ़ाया।

सुदीप कौर ने अपने उदबोधन में छात्राओं, शिक्षिकाओं और वॉलंटियर्स का मनोबल बढ़ाते हुए पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता के महत्व और इस कोर्स की उपयोगिता जोर देते हुए आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि समाज को जागरूक एवं सशक्त बनाने के लिए लड़कियों को आगे आना होगा। जनभागीदारी से ही पर्यावरण को संरक्षित एवं सुरक्षित रखा जा सकता है। कानोड़िया पीजी महिला महाविद्यालय द्वारा इस दिशा में कोर्स की शुरुआत को महत्वपूर्ण बताया। विशेष रुप से कार्यक्रम में सभी ने पीले रंग के वस्त्र धारण किए, पीले पुष्पों से पुष्प होली खेली गई और पीले रंग की परंपरागत खाद्य सामग्री से सामूहिक भोजन किया गया।

# धूमधाम से मनाया 74 वां गणतंत्र दिवस

## राज्यपाल ने राजभवन में झण्डा फहराया



परिष्कार पत्रिका जयपुर। राज्यपाल कलराज मिश्र ने 74 वें गणतंत्र दिवस पर राजभवन में राष्ट्रीय ध्वज फहराया। उन्होंने गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं देते हुए देश के लिए प्राणों का उत्सर्ग करने वाले वीर शहीदों को श्रद्धा नमन किया। उन्होंने इस मौके पर देश की सर्वांगीण प्रगति के लिए सभी से साथ मिलकर कार्य करने का आह्वान किया। इसके बाद राज्यपाल ने राजभवन के अधिकारियों और कर्मचारियों को गणतंत्र दिवस की बधाई देते हुए मिठाई भी बांटी।

## जेडीए में जेडीसी ने किया झण्डारोहण



**गणतंत्र दिवस पर जेडीए प्रांगण में झण्डारोहण**

परिष्कार पत्रिका जयपुर। गणतंत्र दिवस के पावन पर्व पर जयपुर विकास आयुक्त रवि जैन ने 26 जनवरी 2023 गुरुवार को जेडीए प्रांगण में झण्डारोहण किया। जेडीसी ने उपस्थित अधिकारियों और कर्मचारियों को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाऐं दी। इस अवसर पर जेडीसी रवि जैन द्वारा उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों एवं कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र भी वितरित किए गए।

## गणतंत्र दिवस पर आवासन भवन में ध्वजारोहण



## दायित्वों के बेहतर निर्वहन से हो सकती है राष्ट्रसेवा : आवासन आयुक्त

परिष्कार पत्रिका जयपुर। गणतंत्र दिवस की 74वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में राजस्थान आवासन मण्डल मुख्यालय में गुरुवार को आवासन आयुक्त पवन अरोडा ने ध्वजारोहण किया। मण्डल मुख्यालय आवास भवन में आयोजित समारोह में आवासन आयुक्त ने कहा कि देश ने हमें सभी अधिकार दिए हैं यदि हम भी अपने दायित्वों का बेहतर तरीके से निर्वहन करने लगेंगे तो देश की सच्ची सेवा हो सकती है। अरोड़ा ने कहा कि बीते समय में आवासन मण्डल के अधिकारियों एवम कार्मिकों ने टीम भावना के साथ काम कर सभी क्षेत्रों में एक से बढकर एक उपलब्धियां हासिल की हैं।

## राज्यस्तरीय समारोह भव्यता, उत्साह और उमंग के माहौल में मनाया गया



**गणतंत्र दिवस राज्यपाल कलराज मिश्र ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया मुख्यमंत्री अशोक गहलोत एवं विधानसभा अध्यक्ष डॉ सीपी जोशी भी समारोह में रहे उपस्थित**

परिष्कार पत्रिका जयपुर। राज्यपाल कलराज मिश्र ने 74 वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर सवाई मानसिंह स्टेडियम में आयोजित राज्य स्तरीय समारोह में राष्ट्रीय ध्वज फहराया। इसके बाद राज्यपाल मिश्र ने परेड का निरीक्षण किया और सलामी गारद द्वारा प्रस्तुत मार्च पास्ट की सलामी ली। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, विधानसभा अध्यक्ष डॉ सीपी जोशी एवं बीस सूत्री कार्यक्रम की आयोजन, क्रियान्वयन व समन्वय समिति के उपाध्यक्ष डॉचन्द्रभान भी समारोह में उपस्थित रहे।

## मुख्यमंत्री ने निवास पर फहराया ध्वज



परिष्कार पत्रिका जयपुर। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने 74वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर सुबह 8, सिविल लाइन्स स्थित मुख्यमंत्री निवास पर ध्वज फहराया। मुख्यमंत्री को कंपनी कमांडर पपीता सोमरा के नेतृत्व में आरएसी की टुकड़ी ने सलामी दी। गहलोत ने सभी को गणतंत्र दिवस की बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर मुख्यमंत्री कार्यालय एवं मुख्यमंत्री निवास के सभी अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

## हैरिटेज निगम में मनाया गणतंत्र दिवस



परिष्कार पत्रिका जयपुर। ''शहीदों का सपना था, साकार हुआ तब अपना देश आजाद हुआ, आओ सलाम करें उन वीरों को जिनकी शहादत से, अपना देश गणतन्त्र हुआ'' ये भावपूर्ण उद्गार हैरिटेज निगम की महापौर मुनैश गुर्जर ने 26 जनवरी को निगम मुख्यालय में 74वें गणतन्त्र दिवस समारोह में तिरगां फहराने व पुलिस गार्डस की सलामी लेने के बाद उपस्थित पार्षदगण, अधिकारियों, कर्मचारियों व उपस्थित गणमान्य नागरिकों को संबोधित करते हुए व्यक्त किये। संविधान निर्माता डॉ बीआर अम्बेडकर को याद करते हुए गुर्जर ने कहा कि उन्होंने देश के नागरिकों को लिखित व मजबूत संविधान दिया जिसमें समानता, धर्म निरपेक्षता, प्यार व भाईचारे की भावना का पूर्ण समावेश है। उन्होंने कहा कि हम बहुत भाग्यशाली हैं कि हम मजबूत गणतन्त्र में रहते हैं जिसका पूरा विश्व लोहा मानता है। अपने 2 साल के कार्यकाल का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि हम शहरवासियों, पार्षद, व्यापारिक, सामाजिक संगठनों की सक्रिय भागीदारी व अधिकारियों व कर्मचारियों की टीम भावना से स्वच्छता रैकिगं में 32वें से 26 वें रैंक पर आये एंव अब हमारा सपना है कि जयपुर शहर की गिनती विश्व के 10 सबसे स्वच्छ शहरों में हो।

# विभिन्न विद्यालयों में समारोह पूर्वक मनाया 74 वां गणतंत्र दिवस

## सेंट माईकल सी सै स्कूल में मनाया 74वां गणतंत्र दिवस समारोह





परिष्कारपत्रिका जयपुर। सुभाष चौक स्थित सेन्ट माईकल सीनियर सैकेंडरी स्कूल, में 74वाँ गणतंत्र दिवस समारोह व बसंत पंचमी बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया। गणतंत्र दिवस के कार्यक्रम में विद्यालय के विद्यार्थियों ने देशभक्ति गीतों पर शानदार रंगारंग प्रस्तुति दी। बेटियों को प्रोत्साहित करने के लिए 'हम भारत की बेटियाँ' नृत्य ने सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम की संचालिका कक्षा 9वीं की छात्रा कनिष्का व भूमि ने भारत के झण्ड़े का प्रारूप किसने तैयार किया व गणतंत्र दिवस पर राष्ट्रपति को कितने बंदूकों की सलामी दी जाती है, इत्यादि प्रश्नोत्तर द्वारा सभी का ज्ञानवर्धन किया। विद्यालय की प्राचार्या नोयल डिसिल्वा ने सभी आंगन्तुको को गणतंत्र दिवस व बसंत पंचमी की बधाई दी एवं विद्यालय के विद्यार्थियों को देश का नाम गर्व से ऊँचा रखने के लिए और उन्हें अच्छे नागरिक बनने की प्रेरणा दी।

## महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय मानसरोवर में मनाया गणतंत्र दिवस





परिष्कार पत्रिका जयपुर। महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय अंग्रेजी माध्यम मानसरोवर जयपुर में 74वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भामाशाह केके गुप्ता एवं विशिष्ट अतिथि नंद किशोर कम्बोज थे और अध्यक्षता स्थानीय विद्यालय की प्रधानाचार्या अनु चौधरी ने की। कार्यक्रम की शुरूआत में सभी अतिथियों ने झण्डा रोहण किया साथ ही विद्यालय की छात्राओं ने रंगारंग नृत्य प्रस्तुत किए। इस अवसर पर गणतंत्र दिवस के उपलक्ष्य में उद्बोधन भी दिए गए और बसंनत पंचमी के उत्सव पर सरस्वती मां की पूजा की गई। विद्यालय के अध्यापक संतोष जाखड ने 74 वें गणतंत्र दिवस के उपलक्ष्य में विद्यार्थियों को नवीन जानकारियां दी। साथ ही छात्र-छात्राओं से जीके के प्रश्नों की प्रश्नोत्तरी भी कराई गई। कार्यक्रम के अंत में अध्यक्ष अनु चौधरी ने समापन उद्बोधन दिया साथ ही विद्यार्थियों को मिठाई वितरित की गई।

## पाराशर चिल्ड्रन पैराडाइज में मनाया गणतंत्र



परिष्कार पत्रिका जयपुर। पाराशर चिल्ड्रन पैराडाइज पब्लिक सैकण्डरी विद्यालय में 74वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर निदेशक रामलाल पाराशर ने झण्डारोहण करते हुए पूरे स्टाफ और सभी विद्यार्थियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर विद्यालय में सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किया गया।

## प्रकाश विध्या निकेतन में किया झंडारोहण



परिष्कार पत्रिका जयपुर। प्रकाश विद्या निकेतन सीनियर सैकण्डरी विद्यालय में 74वें गणतंत्र दिवस के अवसर निदेशक फूलवती चौहान और प्रधानाध्यापक सिद्धार्थ चौहान ने झण्डारोहण किया। इस अवसर पर अध्यापक-अध्यापिकाओं सहित सभी छात्र-छात्राएं मौजूद थे। बसंत पंचमी के अवसर पर विद्यालय की छात्राओं ने कार्यक्रम प्रस्तुत किए। कार्यक्रम में निदेशक फूलवती चौहान ने सभी को गणतंत्र दिवस और बसंत पंचमी की शुभकानाएं देते हुए आभार प्रकट किया।

## ए एस मेमोरियल सैकंडरी विद्यालय में प्रधानाध्यापिका ने किया झण्डारोहण



परिष्कार पत्रिका जयपुर। 74वें गणतंत्र दिवस पर ए एस मेमोरियल स्कूल में विद्यालय के निदेशक अंकित सिंह, पूनम गुप्ता, अर्चना गुप्ता, गीता शर्मा, ममता जैन, सीमा पालीवाल, रतना कुमारी, सोनू सैनी, दर्शना शर्मा, सुशीला भट्ट, ममनीश शर्मा, कनीजन खान सहित पूरे विद्यालय परिवार ने हर्षोल्लास के साथ झण्डारोहण किया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। निदेशक अंकित सिंह ने सभी को गणतंत्र दिवस और बसंत पंचमी की हार्दिक शुभकामनाएं दी।

## जय मां सरस्वती विद्यापीठ स्कूल में मनाया 74वां गणतंत्र दिवस समारोह



परिष्कार पत्रिका जयपुर। जय मां सरस्वती विद्यपीठ सीनियर सैकंडरी विद्यालय जयपुर में 74वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर झण्डा रोहण किया गया। विद्यालय के निदेशक संजय सैनी ने झण्डारोहण कर सभी को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं देते हुए गणतंत्र के महत्व से अवगत कराया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने विभिन्न कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में पूरे स्टाफ सहित सभी विद्यार्थियों ने भाग लिया। कार्यक्रम के अंत में निदेशक संज सैनी ने सभी को शुभकामनाएं देते हुए आभार प्रकट किया।

74 वां गणतंत्र दिवस



**भारत का संविधान**
**उद्देशिका**

हम, भारत के लोग, भारत को एक **संपूर्ण प्रभुत्व-संपन्न, समाजवादी पंथनिरपेक्ष लोकतंत्रात्मक गणराज्य** बनाने के लिए, तथा उसके समस्त नागरिकों को :

सामाजिक, आर्थिक और राजनैतिक **न्याय,**
विचार, अभिव्यक्ति, विश्वास, धर्म
और उपासना की **स्वतंत्रता,**
प्रतिष्ठा और अवसर की **समता**
प्राप्त कराने के लिए,
तथा उन सब में व्यक्ति की गरिमा और
राष्ट्र की एकता और अखंडता
सुनिश्चित करने वाली **बंधुता** बढ़ाने के लिए

दृढ़संकल्प होकर **अपनी इस संविधान सभा में** आज तारीख 26 नवम्बर, 1949 ई. (मिति मार्गशीर्ष शुक्ला सप्तमी, संवत् दो हजार छह विक्रमी) को **एतद्द्वारा इस संविधान को अंगीकृत, अधिनियमित और आत्मार्पित करते हैं।**

**मूल कर्तव्य**

**भारत के प्रत्येक नागरिक का यह कर्तव्य होगा कि वह -**

(क) संविधान का पालन करे और उसके आदर्शों, संस्थाओं, राष्ट्र ध्वज और राष्ट्रगान का आदर करे;
(ख) स्वतंत्रता के लिए हमारे राष्ट्रीय आंदोलन को प्रेरित करने वाले उच्च आदर्शों को हृदय में संजोए रखे और उनका पालन करे;
(ग) भारत की प्रभुता, एकता और अखंडता की रक्षा करे और उसे अक्षुण्ण रखे;
(घ) देश की रक्षा करे और आह्वान किए जाने पर राष्ट्र की सेवा करे;
(ड) भारत के सभी लोगों में समरसता और समान भ्रातृत्व की भावना का निर्माण करे जो धर्म, भाषा और प्रदेश या वर्ग पर आधारित सभी भेदभाव से परे हो, ऐसी प्रथाओं का त्याग करे जो स्त्रियों के सम्मान के विरूद्ध है;
(च) हमारी सामासिक संस्कृति की गौरवशाली परंपरा का महत्व समझे और उसका परिरक्षण करे;
(छ) प्राकृतिक पर्यावरण की, जिसके अंतर्गत वन, झील, नदी और वन्य जीव हैं, रक्षा करे और उसका संवर्धन करे तथा प्राणि मात्र के प्रति दयाभाव रखे;
(ज) वैज्ञानिक दृष्टिकोण, मानववाद और ज्ञानार्जन तथा सुधार की भावना का विकास करे;
(झ) सार्वजनिक संपत्ति को सुरक्षित रखे और हिंसा से दूर रहे;
(ञ) व्यक्तिगत और सामूहिक गतिविधियों के सभी क्षेत्रों में उत्कर्ष की ओर बढ़ने का सतत प्रयास करे जिससे राष्ट्र निरंतर बढ़ते हुए प्रयत्न और उपलब्धि की नई ऊंचाइयों को छू ले;
(ट) यदि माता-पिता या संरक्षक है, छह वर्ष से चौदह वर्ष तक की आयु वाले अपने, यथास्थिति, बालक या प्रतिपाल्य के लिए शिक्षा के अवसर प्रदान करे।



74वें गणतंत्र दिवस के शुभ अवसर पर मूल कर्तव्यों को अंगीकृत कर हम सब सत्य, अहिंसा और शांति के मार्ग पर चलते हुए प्रदेश को उन्नति की ओर बढ़ाएं।

**सभी प्रदेशवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं।**

**जय हिन्द, जय भारत**

**अशोक गहलोत,** मुख्यमंत्री, राजस्थान

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, राजस्थान

राजस्थान संवाद

# हर जागरूक युवा को सरकारी योजनाओं की जानकारी होना जरूरी

## परिष्कार कोचिंग में विद्यार्थियों को दी गई सरकारी योजनाओं की जानकारी



परिष्कार पत्रिका जयपुर। सूचना क्रांति और सोशल मीडिया के इस युग में सही और सटीक जानकारी ही समाज की शक्ति है, इसलिए प्रदेश के हर जागरूक युवा को सरकार की लोक कल्याणकारी योजनाओं की पूरी जानकारी होना जरूरी है, ताकि युवा समाज के हर जरूरतमंद तक सरकारी योजना का लाभ पहुंचाने में मददगार साबित हो सके। ये कहना है सूचना एवं जनसम्पर्क कार्यालय, जयपुर के उपनिदेशक मानसिंह मीणा का।

जयपुर के गोपालपुरा बाइपास स्थित परिष्कार कोचिंग कॉलेज में राज्य सरकार की फ्लैगशिप योजनाओं पर आधारित परिचर्चा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। परिचर्चा को संबोधित करते हुए मीणा ने कहाकि सरकारी योजनाओं की संपूर्ण जानकारी से छात्र ना केवल अपने ज्ञान में वृद्धि कर सकते हैं, बल्कि प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए अपनी तैयारी को और भी बेहतर बना सकते हैं। इस दौरान उन्होंने छात्रों से सरकारी योजनाओं, फैसलों एवं उपलब्धियों की सही, सटीक और एकीकृत जानकारी हासिल करने के लिए अपने मोबाइल में सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग का सुजस एप डाउनलोड करने का आह्वान किया। सरकारी योजनाओं की सफलता की कहानियां विद्यार्थियों और शिक्षकों के साथ साझा की और कहा कि सरकार की योजनाएं प्रदेश के करोड़ों लोगों के जीवन में बदलाव का कारण साबित हुई है। इस दौरान सरकारी योजनाओं पर आधारित प्रश्नोत्तरी का आयोजन किया गया, साथ ही विद्यार्थियों में राजस्थान सुजस पत्रिका सहित सरकारी योजनाओं की प्रचार सामग्री भी वितरित की गई।

परिचर्चा कार्यक्रम के दौरान सहायक प्रशासनिक अधिकारी यदु कृष्ण शर्मा सहित सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग के अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।

# महिला शक्ति की भागीदारी से ही जन-जन तक पहुंचेगी सरकारी योजनाओं की जानकारी

## बियानी गर्ल्स कॉलेज में सरकारी योजनाओं की बारीकियों से रूबरू हुई छात्राएं



परिष्कार पत्रिका जयपुर। सरकारी योजनाओं का मुख्य लक्ष्य समाज के अंतिम तबके तक बुनियादी सुविधा मुहैया करवा कर आमजन के जीवन को बेहतर बनाना है। हर जरूरतमंद तक सरकार की लोक कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाया जाना सुनिश्चित किया जा सके इसके लिए जन-जन तक योजनाओं की जानकारी पहुंचना जरूरी है, जो कि महिला शक्ति की भागीदारी के बिना संभव नहीं है।

जयपुर के विद्याधर नगर स्थित बियानी गर्ल्स कॉलेज में राज्य सरकार की फ्लैगशिप योजनाओं पर आधारित परिचर्चा कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

परिचर्चा को संबोधित करते हुए सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग के उपनिदेशक मानसिंह मीणा ने कहा कि सरकारी योजनाओं की जानकारी से छात्राएं ना केवल अपने ज्ञान में वृद्धि कर सकती हैं, बल्कि प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए अपनी तैयारी को और भी बेहतर बना सकती हैं।

परिचर्चा के दौरान सहायक सूचना एवं जनसम्पर्क अधिकारी नरेन्द्र सिंह शेखावत ने अपने संबोधन में कहा कि सूचना क्रांति के युग में डिजिटल कंटेंट के जरिये सरकारी योजनाओं की सही, सटीक, संपूर्ण और प्रमाणिक जानकारी कहीं भी और कभी भी ली जा सकती है। सहायक प्रशासनिक अधिकारी ने छात्राओं को सुजस मोबाइल एप्प की जानकारी देते हुए कहा कि सुजस एप्प में मौजूद सुजस मासिक पत्रिकाए ई-बुलेटिन, वीडियो बुलेटिन तथा सुजस आवाज सहित अन्य फीचर्स के माध्यम से सरकारी योजनाओं की प्रमाणिक जानकारी ली जा सकती है। इस दौरान सरकारी योजनाओं पर आधारित प्रश्नोत्तरी का आयोजन किया गया, साथ ही विद्यार्थियों में राजस्थान सुजस पत्रिका सहित सरकारी योजनाओं की प्रचार सामग्री भी वितरित की गई। परिचर्चा कार्यक्रम के दौरान कॉलेज की शिक्षिकाएं एवं छात्राएं मौजूद रहीं।

## राहुल सोनवाल जिला मंत्री नियुक्त



परिष्कार पत्रिका जयपुर। भारतीय जनता पार्टी जयपुर शहर द्वारा नव मतदाता अभियान के अंतर्गत राहुल सोनवाल भारतीय जनता पार्टी जिला मंत्री अनुसुचित जाति मोर्चा जयपुरशहर को नियुक्त किया गया। सोनवाल को बीजेपी अनुसूचित जनजाति के प्रदेश अध्यक्ष कैलाश मेघवाल एवं जयपुर जिला अध्यक्ष राघव शर्मा अनुसूचित जाति जिला अध्यक्ष जितेन्द्र लोदिया जी ने नियुक्ति पत्र दिया।

## राज्यसभा सदस्य से सेवा प्रबंधक ने की सामाजिक क्षेत्र में बैंकिंग परिचर्चा



परिष्कार पत्रिका जयपुर। स्टेट बैंक ऑफ इंडिया गुलाबपुरा भीलवाड़ा के सेवा प्रबंधक घनश्याम जिंदल ने रामचन्द्र खुंटिया राज्य सभा सदस्य और सुमित कालिया चेयरमैन नगर पालिका से सामाजिक क्षेत्र में बैंकिंग परिचर्चा की और बैंकिंग क्षेत्र के विभिन्न घटकों पर अपने अमूल्य सुझाव रखे। उन्होंने सामाजिक क्षेत्रों में बैंक की योजनाओं से अवगत कराया।

## सीएमआर में पत्रकारों का एक माह पूरा निर्दोष आवंटियों की पीड़ा सुने गहलोत



परिष्कार पत्रिका जयपुर। पिंकसिटी प्रेस एनक्लेव, नायला पत्रकार नगर के आवंटी पत्रकारों का 25वां जत्था बुधवार को मुख्यमंत्री अशोक गहलोत से मिलने उनके निवास पर पहुंचा और अपने प्लॉट आवंटन के दस्तावेज और ज्ञापन जमा कराए। मुख्यमंत्री की अनुपस्थिति में सीएमआर के संयुक्त सचिव ललित कुमार ने आवंटी पत्रकारों की सुनवाई की। चलो नायला संगठन के आह्वान पर बुधवार को 30वें दिन सीएमआर पहुंचे जत्थे में वरिष्ठ पत्रकार धर्मेंद्र सिंघलए अशोक शर्मा, कैलाश चंदेल, मुकेश मेहरा और डीएल शर्मा ने ललित कुमार को बताया कि योजना की आवंटन प्रक्रिया के जारी गतिरोध में उनकी कोई गलती नहीं है। सभी प्रक्रियाओं और पात्रताओं को पूरा करने के बाद ही 571 आवेदकों का चयन कर प्लॉट आवंटित किए गए थे। न्यायालय ने भी सभी योग्य एवं पात्र आवंटियों को प्लॉट के पट्टे जारी करने के निर्देश दिए हैं। आवंटी हर जगह एक ही बात पूछते फिर रहे हैं कि हमारी क्या गलती है। हमारी गलती हमें बता दी जाए, नहीं तो हमे पट्टे देकर हमारे साथ न्याय होना चाहिए। आवंटित प्लॉट के लिए उनके रुपए भी जमा कर लिए हैं और शेष राशि वे देने को तैयार हैं। मुख्यमंत्री गहलोत की योजना में गहलोत के ही शासन में ऐसा हो रहा है। सभी आवंटी गहलोत से मिलकर अपनी पीड़ा बताना चाहते हैं। गहलोत के न्याय का इंतजार है और उनसे मिलने तक आवंटी सीएमआर आते रहेंगे। 9 जनवरी से सीएमआर में आवंटियों की दैनिक दस्तक शुरू हुई थी। बुधवार को सीएमआर जाते एक माह पूरा हो गया।

## ओउमाश्रय सेवा धाम में नवीन यज्ञशाला का शुभारंभ

### आहुति के बाद इदं न मम् बोलना कि ये आहुति मेरे लिए नहीं सबके कल्याण हेतु है यही है यज्ञ की आत्मा : यश



परिष्कार पत्रिका जयपुर। निराश्रित जन सेवार्थ, पारिवारिक संस्कार निर्माण एवं यज्ञों की त्रिवेणी संगम ओउमाश्रय सेवा धाम के नये परिसर में भव्य यज्ञशाला का अनौपचारिक शुभारंभ माघ पूर्णिमा पर हुआ। इस अवसर पर पूर्णिमाए जन्म दिनए वैवाहिक वर्षगांठ तथा पुण्यतिथि की विशेष मंत्रों से आहुतियां यज्ञ वृहमा एवं ओउमाश्रय संचालक यशपाल यश ने दिलवाई। यश ने कहा कि यज्ञ का मतलब केवल अग्निहोत्र हवन नहीं है वरन् दान संगतिकरण और जड़ चेतन देवों की पूजा यानि उनके अनुकूल वातावरण सद्व्यवहार सेवा सुश्रुषा है। यश ने कहा कि अग्नि में आहुत किये पदार्थ 'इदं न मम् भाव से मेरे अकेले के लाभ हेतु नहीं अपितु सम्पूर्ण जीवों को उपयोगी होने की भावना ही यज्ञ की आत्मा है।

## शहर की सफाई व्यवस्था को लेकर ग्रेटर आयुक्त ने किया जोन का दौरा



परिष्कार पत्रिका जयपुर। नगर निगम ग्रेटर आयुक्त महेन्द्र सोनी ने शहर की सफाई व्यवस्था को नियमित, सुचारू एवं बेहतर बनाने के लिये मानसरोवर जोन के विभिन्न क्षेत्रों का दौरा किया। आयुक्त ने इस दौरान जहां सफाई व्यवस्था सही नहीं मिली वहीं मौके पर ही अधिकारी एवं कर्मचारी को निर्देश देकर सफाई करवाई। उन्होंने सफाई व्यवस्था में कोताई एवं लापरवाही बरतने वाले कार्यवाहक जमादार रामलखन और वार्ड सफाई निरीक्षक दिनेश को 17 सीसी-ए के तहत चार्जशीट एवं मुख्य सफाई निरीक्षक मानसरोवर जोन महेश को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिये। साथ ही उन्होंने कार्मिकों को सख्त निर्देश दिये कि सफाई व्यवस्था में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जायेगी। आयुक्त महेन्द्र सोनी ने मानसरोवर जोन के द्रव्यवती नदी पुलिया, पटेल मार्ग एवं परमहंस मार्ग वार्ड नं 76, मोडल स्कूल, सिटी पार्क, वीटी रोड़, वार्ड नं 72 होटल गोल्डन लीक, न्यू सांगानेर रोड़, सर्विस रोड़, वार्ड नं 69, बालकनाथ मंदिर, बाबुल पैराडाइज तथा वार्ड संख्या 79, त्रिवेणी पुलिया पर निरीक्षण के दौरान सफाई व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने निरीक्षण के दौरान जिन वार्डो, क्षेत्रों में कचरे एवं गंदगी के ढेर पाये जाने पर तुरन्त साफ-सफाई करने के लिए संबंधित सफाई निरीक्षक एवं वार्ड सफाई निरीक्षक को निर्देश देकर तत्काल सफाई करवाई गई।

# राजस्थान युवा कांग्रेस में प्रदेश में समाज के युवाओं को आगे लाएं : भाटी

परिष्कार पत्रिका जयपुर। राजस्थान यूथ कांग्रेस के चुनावों का दौर है इसमें समाज के युवाओं को प्रोत्साहित करें और उन्हें आगे लाने में मदद करें यह कहना है पूर्व पार्षद महेश भाटी का। उन्होंने परिष्कार पत्रिका के माध्यम से सभी समाज बंधुओं से अपील करते हुए कहा कि वे ज्यादा से ज्यादा प्रदेश महासचिव रोहित इन्दौरा के पक्ष में वोटिंग करें ताकि आने वाले चुनावों में इसका समाज को लाभ मिल सके।

परिष्कार पत्रिका की ओर से रविसिंह किरार ने सभी जगह निवास कर रहे समाज बंधुओं से आह्वान किया कि समाज यदि विकसित समाज की श्रेणी में खड़ा करना है तो हमें राजनीति में अपना दम-खम प्रदर्शित करना होगा। इसके लिए अभी राजस्थान युवा कांग्रेस में महासचिव पद के उम्मीदवार रोहित इन्दौरा के पक्ष में अपना मत और समर्थन देकर बहुमत के साथ जिताना होगा। राजनैतिक पटल पर समाज की एकता को प्रदर्शित करने का यह एक सुनहरा मौका है, जिसके माध्यम से हम अपनी उपस्थिति दर्ज करा सकते हैं। रोहित इन्दौरा ने परिष्कार पत्रिका के माध्यम से सभी मतदाताओं और पाठकों से आह्वान करते हुए अपने फोन के माध्यम से वोटिंग करने की अपील की। उन्होंने बताया कि प्रदेश में युथ कांग्रेस कासदस्यता अभियान एवं वोटिंग प्रक्रिया आरंभ हो गई हैं। आप सभी साथी राजस्थान युवा कांग्रेस प्रदेश महासचिव पद हेतु मेरा बेलेट नं 4 पर अपना अमूल्य वोट एवं समर्थन देकर विजयी बनाएं। इसके लिए प्ले स्टोर पर से एप्प डाउनलोड करके उसमें अपनी आईडी डालकर कर वोटिंग कर सकते है और इसके लिए सभी जगह से वोटिंग की जा सकती है। उन्होंने कहा कि आपके भाई को वोट कर के राजस्थान युवा कांग्रेस का प्रदेश महासचिव बनाने मे सहयोग करे और पूरे राजस्थान में एक संदेश जाये की धानका समाज का कोई बेटा सबसे ज्यादा वोटो से जीत कर आया है।




## नव वर्ष 2023 एवं महाशिवरात्री के अवसर पर पाठकों को हार्दिक शुभकामनाएं



नानकराम कयत-सुनीता देवी (हेमा)
आरजे 45 काइट सेंटर, 71 -ए, शिव कॉलोनी, हटवाड़ा रोड़, जयपुर मो 9829279757



हुक्म चंद निर्वाण एवं बीना देवी
611, माताजी के मंदिर के पास, शास्त्री नगर, जयपुर मो 9352240403

सभी सम्मानीय पाठकों को नव वर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं



डॉ मूलचंद आर्य एवं शारदा देवी
सेवा निवृत्त प्राचार्य, प्लाट नं 31, जेपी नगर, नाका मदार, अजमेर राजस्थान

सभी सम्मानीय पाठकों को नव वर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं



रामपाल मावर एवं सूरज देवी
डायरेक्टर, रेवार राम कंस्ट्रक्शन कं. अम्बेडकर कॉलोनी दुर्गापुरा जयपुर

सभी सम्मानीय पाठकों को नव वर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं



संत लक्ष्मणदास महाराज
अखिल भारतीय आदिवासी धानका समाज
वार्ड नं. 11, जैतुसर रोड़, रींगस जिला सीकर राजस्थान
मो. 8741907870, 9672582525

## गहलोत प्रोपर्टीज

मकान, दुकान, जमीन, जायदात खरीदने व बेचने के लिए सम्पर्क करें एवं
9वीं से बीएससी तक सभी विषयों की ट्यूशन के लिए सम्पर्क करें।
बाबूलाल गहलोत पूर्व उपाध्यक्ष एवं रवि गहलोत
ए-4, टाटा नगर, शास्त्री नगर जयपुर
मो :9785234428, 9529281526, 9887529941

## फौजी फ्लोर मील



सभी प्रकार के अनाज, दाल और मसालों की पिसाई के लिए सम्पर्क करें
प्लाट नं. 12, धानका बस्ती, यादवों का चौक, लोको हसनपुरा ए, जयपुर-302006
मो 9828555491

Reg. No. : 248/81
Imran Ali (Administrator) 8852009000, 9351780937

## Sanjay Memorial Sr. Sec. School

17, Janta Nagar, Sodala, Jaipur-302006
Play Group to XIIth [Hindi/ English Medium]
Admission Open

विशेषताएं : विज्ञान, वाणिज्य एवं कला में हिन्दी एवं अंग्रेजी माध्यम में प्रवेश, विज्ञान कम्प्यूटर एवं गृह विज्ञान की विशेष प्रयोगशाला, बोर्ड कक्षाओं में अनुभवी शिक्षकों द्वारा विशेष तैयारी, कमजोर विद्यार्थियों के लिए विशेष तैयारी, सभी नए प्रवेश लेने वाली विद्यार्थियों के लिए फ्री यूनीफॉर्म, स्पोर्टस विद्यार्थियों एवं दिव्यांग विद्यार्थियों के लिए फीस में विशेष छूट, पिछले 40 वर्षो से सभी बोर्ड कक्षाओं का 100 प्रतिशत परिणाम

## परिष्कार पत्रिका परिवार के सभी पाठकों को सहयोग के लिए हार्दिक शुभकामनाएं

### आप सभी के परिवार में हर्षोल्लास और आनंद रहे ऐसी शुभ और मंगल कामनाओं के साथ।

सम्मानीय सदस्य पीएल मीमरोठ - दलित मानव अधिकार केन्द्र समिति, कालूराम गहलोत-हरीनगर धाटगेट जयपुर, भंवर लाल देराण-मदरामपुरा गीतांजली टॉवर के पीछे अजमेर रोड़, कमल किशोर चौहान-अशोकपुरा सोड़ाला जयपुर, सुरेश चंद डाबला-गोविन्दपुरी कॉलोनी राकड़ी जयपुर, जगदीश फरण्ड-रींगस, राजेश कुमार पचेरवाल-नटराज विहार भांकरोटा, घनश्याम जंडेल-सत्येन्द्र कॉलोनी, हटवाड़ा रोड जयपुर, टेकचंद धानका-वीकेआई रोड़ नं 15 जयपुर, विनोद कुमार चौहान-अशोकपुरा सोड़ाला जयपुर, चन्द्र प्रकाश सोलंकी-मोती नगर क्विंस रोड़, वैशाली नगर जयपुर एवं

परिष्कार पत्रिका परिवार

## महात्मा गांधी विद्यालय मानसरोवर में वार्षिकोत्सव समारोह आयोजित

# वार्षिकोत्सव समारोह प्रवाह-2023 का भव्य आयोजन किया गया







परिष्कार पत्रिका जयपुर। महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय अंग्रेजी माध्यम मानसरोवर जयपुर में सत्र 2022-23 का वार्षिकोत्सव समारोह प्रवाह-2023 का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भामाशाह पुष्पेन्द्र व्यास थे। विशिष्ट अतिथि पुष्पेन्द्र भारद्वाज एवं अशोक कुमार गुप्ता थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता भामाशाह पुष्पेन्द्र व्यास ने की।

कार्यक्रम की शुरूआत मुख्य अतिथि पुष्पेन्द्र व्यास, पुष्पेन्द्र भारद्वाज, अशोक कुमार गुप्ता और विद्यालय की प्रधानाचार्या अनु चौधरी ने मां शारदे की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्जवलन कर की। सर्व प्रथम अनु चौधरी ने सभी अतिथियों, अभिभावकों और विद्यार्थियों को विद्यालय की उपलब्धियों और गतिविधियों से अवगत कराया। उन्होंने पिछले कुछ वर्षो में भामाशाओं द्वारा विद्यालय में दिए गए सहयोग के लिए धन्यवाद और आभार प्रकट किया। इस अवसर पर विद्यालय परिवार की ओर से सभी अतिथियों और भामाशाहों का साफा पहनाकर, शॉल ओढाकर और प्रतीक चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया। इस अवसर पर भामाशाह पुष्पेन्द्र व्यास द्वारा विद्यालय विकास के लिए 2 लाख रूपए का कार्य सम्पन्न करवाया जिसमें विद्यालय मैदान में इंटरलॉकिंग एवं मंच पर कोटा स्टोन का कार्य करवाया। जिसका लोकार्पण कर विद्यालय को सुर्पुद किया।

कार्यक्रम में अतिथियों ने विद्यालय की वार्षिक स्मारिका फोनेक्स का विमोचन किया। इस स्मारिका में विद्यालय की सम्पूर्ण गतिविधियों और




अध्यापक एवं विद्यार्थियों के लेख व कविताओं को सम्मलित किया गया है।

वार्षिकोत्सव समारोह प्रवाह-2023 में प्रमुख आकर्षणों में विद्यार्थियों ने रामायण की प्रस्तुति कर सभी दर्शकों का मन मोह लिया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने रंगारंग कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। पर्यावरण पर संदेश देते नृत्य की प्रस्तुति ने सभी को आनंदित किया। कार्यक्रम में प्रतिभावान विद्यार्थियों को पुरस्कार प्रदान कर प्रोत्साहित किया गया।







कार्यक्रम में अतिरिक्त जिला शिक्षा अधिकारी अशोक कुमार गुप्ता ने अपने विचार प्रस्तुत करते हुए कहा कि प्रतिदिन 1 रू, 2 रू, 5 रू, या 11 रू स्वेच्छानुसार राशि विद्यालय में भामाशाह के रूप में भेंट देनी चाहिए। इससे विद्यालय का विकास होगा और सभी विद्यार्थियों को इसका लाभ मिलेगा। इससे प्रभावित होकर विद्यालय के अध्यापक लक्ष्मण सिंह सीनियर और सुरेश कुमार यादव ने भामाशाह के रूप में प्रतिदिन विद्यालय में 11 रू की राशि भेंट देने का वचन लिया। इस अवसर पर



विद्यालय की ओर से एंकरिंग के लिए विद्यार्थियों को प्रोत्साहित किया गया। जिन्होंने शानदार एंकरिंग प्रस्तुत की। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय की प्रधानाचार्या अनु चौधरी ने विद्यालय परिवार की ओर से सभी अतिथियों, अध्यापकों, स्काउट-गाईड, अभिभावकों, कार्यक्रम में सहयोगियों का आभार प्रकट करते हुए शुभकामनाएं दी।

स्वत्वाधिकारी प्रकाशक, मुद्रक और संपादक रवि सिंह किरार द्वारा एम बी प्रिन्टर्स डिग्गी हाऊस, एफ 76 करतापुरा औद्योगिक क्षेत्र, जयपुर से मुद्रित तथा 89, संतोष नगर, अजमेर रोड़, जयपुर से प्रकाशित। फोन नं. 141-2450128/ 9314407796 parishkarpatrika@gmail.com
www.parishkarpatrika.page प्रधान संपादक हेमलता किरार तथा सलाहकार श्रवण सिंह किरार, विजय सिंह किरार, प्रचार एवं प्रसार प्रबंधक डी कुमार चित्र, शायर सिंह किरार